**Fourteenth Loksabha**

**Session : 10**
**Date : 26-04-2007**

**Participants : Rawat Shri Bachi Singh**

Title: Need to check the infiltration of Maoist from Nepal to Uttarakhand.

**श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) :** महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान उत्तराखंड की ओर दिलाना चाहता हूं। उत्तराखंड का अधिकतर भाग पर्वतीय है, जहां बहुत अधिक जंगल है। अभी समाचार आ रहे हैं कि माओवादी नेपाल के रास्ते उत्तराखंड में प्रवेश कर रहे हैं और यहां के जंगलों में अपना ठिकाना बनाने जा रहे हैं। नेपाल के रास्ते आने वाले माओवादी आसानी से उत्तराखंड में घुसपैठ कर सकते हैं। एक बार उत्तराखंड के जंगलों में छुपने के बाद इन्हें अपनी गतिविधियां चलाने में आसानी होगी और इन्हें पकड़ना आसान नहीं होगा।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि माओवादियों की रोकथाम के लिए केन्द्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर कोई योजना तैयार करें, जिससे इन्हें अन्य राज्यों विशेाकर उत्तराखंड में फैलने से रोका जा सके।